पत्रांक–2प/पं०स०भ०/17–149/2019/ 6913 /पं०रा०

**बिहार सरकार**

**पंचायती राज विभाग**

प्रेषक,

**नजर हुसैन,**
अपर सचिव

सेवा में,

**अभियंता प्रमुख,**
भवन निर्माण विभाग,

**मुख्य अभियंता,**
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक: 02/6/2025

**विषय :– पंचायत सरकार भवन निर्माण के अनुश्रवण के संबंध में।**

महाशय,

आप अवगत है कि विभागीय संकल्प संख्या 1291 दिनांक 08.02.2024 एवं स्वीकृत्यादेश संख्या 53(स्वी०) दिनांक 25.10.2024 द्वारा क्रमशः 2165 एवं 450 पंचायत सरकार भवन का निर्माण भवन निर्माण विभाग के माध्यम से एवं विभागीय संकल्प संख्या–4881 दिनांक 03.05.2023 द्वारा 2000 पंचायत सरकार भवन, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन के माध्यम से निर्माण कराये जाने की स्वीकृति प्रदान किया गया है। संकल्प में अंकित है कि निर्माण कार्य का पर्यवेक्षण संबंधित क्रियान्वयन एजेंसी के अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता एवं तकनीकी पदाधिकारियों के द्वारा किया जाएगा।

पंचायत सरकार भवन निर्माण की प्रगति की समीक्षा से ज्ञात हो रहा है कि संकल्प में निहित निदेश के आलोक में क्रियान्वयन एजेंसी के अभियंताओं द्वारा निर्माण की गुणवत्ता एवं प्रगति का नियमित स्थलीय अनुश्रवण नहीं किया जा रहा है। अनुश्रवण की व्यवस्था को संकल्प में निहित निदेश के आलोक में नियमित एवं सुदृढ़ किये जाने की नितांत आवश्यकता है ताकि निर्माण की गुणवत्ता को मानक प्राक्कलन की विशिष्टियों के अनुरूप सुनिश्चित करते हुए निर्माण की गति को तीव्र किया जा सके। पंचायती राज विभाग द्वारा निरीक्षण प्रतिवेदन अपलोड किये जाने हेतु Panchayat Inspection नाम से Mobile Application का निर्माण कराया गया है।

अतः उपर्युक्त के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि अनुश्रवण की व्यवस्था को सुदृढ़ किये जाने हेतु अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता को नियमित निरीक्षण हेतु निदेशित करना सुनिश्चित किया जाय एवं इसकी पूर्व सूचना उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद एवं जिला पंचायत राज पदाधिकारी को दी जाय ताकि वे या उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से निरीक्षण के समय स्थल पर उपस्थित रह सके। साथ ही निरीक्षण प्रतिवेदन को Panchayat Inspection Mobile Application पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन

2/6/25

(नजर हुसैन)
अपर सचिव

D:\2025\Rahul sir\PSB\PSB letter.docx



P.T.O

ज्ञापांक– 2प/पं०स०भ०/17–149/2019/6913 पं०रा० पटना, दिनांक 02/6/2025
प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग/सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० 2/6/25
(नजर हुसैन)
अपर सचिव

ज्ञापांक– 2प/पं०स०भ०/17–149/2019/6913 पं०रा० पटना, दिनांक 02/6/2025
प्रतिलिपिः–सभी जिला पदाधिकारी/उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी/जिला पंचायत राज पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० 2/6/25
(नजर हुसैन)
अपर सचिव

ज्ञापांक– 2प/पं०स०भ०/17–149/2019/6913 पं०रा० पटना, दिनांक 02/6/2025
प्रतिलिपिः– उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी/जिला पंचायत राज पदाधिकारी, बिहार को प्रेषित कर अनुरोध है कि पंचायत सरकार भवन के निर्माण से संबंधित क्रियान्वयन एजेंसी से प्राप्त सूचना के आलोक में निरीक्षण के समय स्थल पर आप स्वयं या कम से कम प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को उपस्थित रहने हेतु नामित करना सुनिश्चित किया जाय।

ह० 2/6/25
(नजर हुसैन)
अपर सचिव

ज्ञापांक– 2प/पं०स०भ०/17–149/2019/6913 पं०रा० पटना, दिनांक 02/6/2025
प्रतिलिपिः–सभी जिला पदाधिकारी/उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी/जिला पंचायत राज पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० 2/6/25
(नजर हुसैन)
अपर सचिव

ज्ञापांक– 2प/पं०स०भ०/17–149/2019/6913 पं०रा० पटना, दिनांक 02/6/2025
प्रतिलिपिः– आई०टी०मैनेजर, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

ह० 2/6/25
(नजर हुसैन)
अपर सचिव